जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

साप्ताहिक

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

संस्थापित 1965

ہمارا وطن ہفت روزہ

www.hamarawatan.com

FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan



संस्थापक स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय' स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक राम गोपाल सैनी

वर्ष- 62 अंक-17 जयपुर, सोमवार, 4 मई, 2026 वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) पृष्ठ संख्या 4

## सुकून सुर रागिनी की संगीत संध्या साउंड ऑफ म्यूजिक में गूंजे बॉलीवुड के सदाबहार नगमें, डायरेक्टर नीरा राजबंशी के गाने पर जमकर झूमें लोग

**जयपुर/ हमारा वतन**

गुलाबी नगर के प्रतिष्ठित सांस्कृतिक केंद्र जवाहर कला केंद्र के सहयोग से सुकून सुर रागिनी संस्था द्वारा आयोजित भव्य संगीतमय कार्यक्रम साउण्ड ऑफ़ म्यूज़िक का सफल एवं शानदार आयोजन रंगायन ऑडिटोरियम, जवाहर कला केंद्र, जयपुर में सम्पन्न हुआ। सभी आगंतुकों को आयोजकों द्वारा पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की निर्देशक नीरा राजबंशी ने बताया कि इस विशेष संगीतमय संध्या में लाइव बैंड के साथ बॉलीवुड के सदाबहार गीतों की शानदार प्रस्तुतियाँ दी गईं। लगभग 35 लोकप्रिय और मधुर गीतों को शहर के प्रतिभाशाली एवं सुरीले गायक कलाकारों ने प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

एकल एवं युगल प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों को पुरानी यादों और मधुर संगीत की दुनिया में ले जाया गया। ऑडिटोरियम दर्शकों से खचाखच भरा रहा तथा उपस्थित श्रोताओं ने हर प्रस्तुति का भरपूर आनंद लिया। मधुर गीतों पर तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा सभागार गूंज उठा।







कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण जितेंद्र नाग द्वारा किया गया शानदार मंच संचालन रहा, जिन्होंने अपनी प्रभावशाली शैली, ऊर्जा और रोचक प्रस्तुति से पूरे कार्यक्रम को जीवंत बनाए रखा।

इस संगीतमय शाम में प्रस्तुति देने वाले कलाकारों में संध्या टंडन, कुमुद निगम, कीर्ति माथुर, सीमा शेखावत, राज कुमार चोपड़ा, सीमा मुंजाल, माया त्यागी, प्रमोद वर्मा, डॉ. अनिल खंडेलवाल, रतन मियाबजाज, संतोष मियाबजाज, योगिता मेहरा, रविंद्र शर्मा, नीलम अग्रवाल, मधु सिंघल, आयुषी कुलश्रेष्ठ, हंसराज राजोरिया, कर्नल बी. एल. माथुर, डॉ. राजा चावला, बेबी सान्वी भटनागर, जितेंद्र नाग, राजेश भाटिया, सुनीता भाटिया, विकास प्रजापत, एडवोकेट अनिल सोनी, मुकेश मुतरेजा, डी. डी. शर्मा, बीरेश जैन, एम. एल. मित्तल, आशुतोष माथुर, कैप्टन अरविंद शर्मा, अशोक राजन, मुकुल कुलश्रेष्ठ, मधु माथुर, डॉ. अनीशा चावला एवं नीरा राजबंशी शामिल रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में आयुषी कुलश्रेष्ठ, मुकुल कुलश्रेष्ठ, संध्या टंडन, बी. एल. माथुर एवं अनुपमा माथुर का विशेष सहयोग रहा। इस यादगार संगीतमय संध्या ने जयपुर के संगीत प्रेमियों के दिलों में विशेष स्थान बना लिया।

## खस्ताहाल सड़क से परेशान ग्रामीणों ने पूर्व विधायक रामलाल शर्मा को सौंपा ज्ञापन

**जयपुर (हमारा वतन)**

ग्राम पंचायत बांसा के राजस्व ग्राम कुशलपुरा से बांसा खाल्डा तक जाने वाली मुख्य सड़क पिछले कई वर्षों से अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। सड़क की जर्जर स्थिति से नाराज ग्रामीणों ने पूर्व विधायक रामलाल शर्मा को ज्ञापन सौंपकर सड़क के नवीनीकरण और डामरीकरण की मांग की है। विधायक को दिए गए पत्र में ग्रामीणों ने बताया कि लगभग 1.80 किलोमीटर लंबी यह सड़क क्षेत्र का प्रमुख मार्ग है। इससे बांसा, कुशलपुरा, फतेहपुरा, सुल्तानपुरा, विजयसिंहपुरा और समरपुरा जैसे आधा दर्जन गांवों के हजारों लोगों का प्रतिदिन आवागमन होता है। वर्तमान में सड़क पर गहरे गड्ढे हो चुके हैं, जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीण संतोष पंचोली, विष्णु शर्मा ने पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। बारिश के मौसम में जलभराव और कीचड़ की वजह से रास्ता पूरी तरह अवरुद्ध हो जाता है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों बुजुर्गों और मरीजों को होती है, क्योंकि आपात स्थिति में एंबुलेंस का पहुंचना भी मुश्किल हो जाता है।



ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने मांग की है कि लोकहित को ध्यान में रखते हुए कुशलपुरा तेजाजी मंदिर से बांसा खाल्डा तक की सड़क का शीघ्र अति शीघ्र नवीनीकरण किया जाए। सड़क की चौड़ाई बढ़ाकर 16 फीट की जाए, उच्च गुणवत्ता का डामरीकरण कार्य करवाया जाए।

ज्ञापन सौंपने के दौरान भाजपा बांसा मण्डल अध्यक्ष शंकर गगोरिया,वीर हनुमान सेवा समिति अध्यक्ष संतोष पंचोली, हरियाणा ब्राह्मण तहसील अध्यक्ष श्याम शर्मा , रोशन, श्रवण कुमार,गजानंद शर्मा, प्रीतम पंचोली, फुलचंद शर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे। पूर्व विधायक ने ग्रामीणों की जायज मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए त्वरित कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

## विवाह संस्कार पर केले के पौधे की पूजा करना पर्यावरण संरक्षण का संदेश- वृक्षमित्र डॉ. सोनी

**देहरादून (हमारा वतन)।** सोलह संस्कारों में विवाह संस्कार जिसे गृहस्थ आश्रम में बालक बालिका को रिस्तों की डोर में बांधते हुए दूल्हा दुल्हन बनाकर विवाह संस्कार के तहत शादी की जाती है। कठुकीचैल सकलाना से रायपुर माया फार्म हाउस में ऊषा देवी व जयसिंह अजवाण के पुत्र देवेंद्र तथा कौशल्या देवी व किशन सिंह की पुत्री मनीषा के विवाह में पहुंचे वृक्षमित्र डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी व उनकी पत्नी किरन सोनी ने दूल्हा दुल्हन को शगुन में तुलसी माता का पौधा उपहार में भेंट कर आशीर्वाद दिया और पौधे की हरियाली जैसी खुशहाली दूल्हा दुल्हन के जीवन में आए ऐसी दुआएं दी।



पर्यावरणविद् वृक्षमित्र डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी ने शास्त्रों में निहित 16 संस्कारों में विवाह संस्कार पर कहा कि पेड़ पौधे की पूजा अर्चना करना हमारे संस्कारों में निहित हैं। दंपती जीवन की शुरुआत करने से पहले केले के पौधे को विष्णु भगवान को साक्षी मानकर खुशहाल जीवन निभाने का संकल्प लिया जाता है ताकि हमारी धरा के पेड़ पौधों का संरक्षण हो सके। लेकिन मनुष्य के भोगवादी प्रवृति ने उनका दोहन करना शुरू किया जिसके कारण जलवायु में परिवर्तन आ रहा है। वही किरन सोनी ने पेड़ पौधों के सच्चे संरक्षक हमारे पूर्वज बताते हुए कहा जिन्होंने पेड़ पौधों की रक्षा के लिए उन्हें पूजन से जोड़ा और शादी जैसे पवित्र बंधन पर एक परंपरा बना डाली ताकि हमारे आनेवाली पीढ़ी के भविष्य पर्यावरण की दृष्टि से सुरक्षित हो सके।

दूल्हा देवेंद्र व दुल्हन मनीषा ने शगुन में पौधा उपहार लेते हुए खुशी का इजहार करते हुए कहा हम भी पेड़ो को बचाने व पौधारोपण का संकल्प लेते है। कार्यक्रम में गंभीर सिंह कठैत, प्रधान बीरपाल कठैत, केदार सिंह अजवाण, चमन सिंह, औतार सिंह, सुंदर सिंह, रमेश सिंह आदि रहे ।

## अटल पथ स्वीकृति पर ग्रामवासियों ने पूर्व विधायक रामलाल शर्मा का जताया आभार

**जयपुर (हमारा वतन)**

ग्राम पंचायत हाड़ौता में हरिजनों के मोहल्ले से ठोलो की तलाई तक अटल पथ स्वीकृत होने पर शनिवार को ग्रामवासियों ने शहर के सुभाष सर्किल स्थित कार्यालय पर भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया।

अटल पथ योजनांतर्गत ग्राम हाड़ौता की मुख्य आबादी के लिए स्वीकृत 1.45 किलोमीटर लंबाई के अटल पथ निर्माण में 1.85 करोड़ रुपए की लागत आएगी। पूर्व विधायक शर्मा ने सड़क स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश में गांवों को शहरों, बड़े कस्बों या जिले की मेजर सड़कों से बेहतर कनेक्टिविटी देने के लिए अटल पथ बनाने की योजना शुरू की है, चौमूँ विधानसभा में पांच अटल पथ मोरीजा, इटावा भोपजी, कालाडेरा, सामोद और उदयपुरिया में स्वीकृत किए गए। अटल पथ के निर्माण से ग्राम वासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। ग्रामवासियों द्वारा पूर्व विधायक रामलाल शर्मा का माला एवं 51 फिट लम्बा साफ़ा पहनाकर अभिनंदन कर धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि बंशीधर शेरावत, पंचायत समिति सदस्य राधेश्याम बुनकर, ब्रजमोहन यादव, महावीर शर्मा, रामस्वरूप शर्मा, गौरूलाल, अशोक शर्मा, राकेश यादव, जुगल किशोर, बजरंग जांगिड़, कन्हैयालाल, बाबूलाल सैनी, राजकुमार यादव, विनोद यादव, एड.राजेंद्र यादव, दिनेश यादव, पप्पू यादव, सोहन शर्मा, राजेंद्र सैनी, गोविंद शर्मा, धर्मेंद्र यादव सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।



# बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव पर राहगीरों को दी शीतल पेयजल सेवा



**जयपुर (हमारा वतन)।** भगवान बुद्ध की जयन्ती और बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव के अवसर पर सभी समाज बन्धुओं ने बुद्ध सर्किल, द्वारकापुरी, राणा सांगा मार्ग, प्रताप नगर पर राहगीरों को भीषण गर्मी के मौसम में शीतल पेयजल सेवा कर महात्मा बुद्ध के सन्देशों का पालन किया।

महोत्सव के संयोजक अतर सिंह ने बतलाया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महात्मा बुद्ध की 2589वीं जयन्ती पर बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर सर्वप्रथम बुद्ध सर्किल पर स्थापित महात्मा बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प और फूलमालायें अर्पित करते हुये मोमबत्ती प्रज्जलित कर बुद्ध वन्दना की गई। इसके बाद उपस्थित सभी सदस्यों ने ज्येष्ठ माह की भीषण गर्मी में सर्किल के किनारें आने-जाने वाले राहगीरों और आमजन को शीतल पेयजल और शर्बत पीला कर गर्मी में राहत प्रदान की।

इस कार्यक्रम में प्रमुख सहयोगियों के रूप में चरण सिंह, तितरीया राम, भगवान सिंह, किस्सा राम, वीर सिंह, ओमप्रकाश, अशोक, गुलाब चन्द बैरवा, विजय मेघवाल, रामस्वरूप के साथ-साथ मातृशक्ति में शामिल कान्ता, शारदा, शीला के अलावा कई युवा वर्ग के सदस्य भी शामिल हुये जिनके सक्रिय सहयोग और महात्मा बुद्ध के आदर्शों के अनुरूप आमजन की सेवा भावना से आज का यह कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर उपस्थित प्रबुद्ध और बुद्धिजीवियों द्वारा महात्मा बुद्ध के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुये उनके बताये गये मार्ग का आज के भागदौड़ की जिन्दगी में आमजन की सेवा की सार्थकता बतलाई गई। कार्यक्रम के अन्त में महात्मा बुद्ध सोसायटी, प्रताप नगर के अध्यक्ष तितरिया राम द्वारा उपस्थित सभी सदस्यों और आमजन का हार्दिक आभार और धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# SK RISEHUB SEVA TRUST INDIA के नवीन कार्यालय का हुआ भव्य उद्घाटन

**जयपुर (हमारा वतन)**



मानव सेवा, स्वरोजगार, शिक्षा एवं सामाजिक उत्थान को समर्पित SK RISE-HUB SEVA TRUST (INDIA) के नवीन कार्यालय का भव्य एवं गरिमामयी उद्घाटन समारोह दयारामपुरा,आगरा रोड स्थित परिसर में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रसिद्ध आचार्य एवं कथावाचक प्रमोद पंडित द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना एवं मंगलाचार के साथ हुआ। मंच का संचालन रामकिशोर द्वारा प्रभावशाली ढंग से किया गया, जिन्होंने पूरे कार्यक्रम को सुव्यवस्थित रूप से आगे बढ़ाया। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे कमलेश शर्मा (पूर्व सरपंच, कानोता, जयपुर) एवं विशिष्ट अतिथि कैलाश सोनी (मंत्री, रीको संगठन डीडवाना-लालसोट) के कर कमलों द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया।

अतिथियों ने संस्था की इस पहल की सराहना करते हुए अपने विचार व्यक्त किए। कैलाश सोनी ने अपने संबोधन में संस्थापक के कार्यों एवं उनके जमीनी अनुभव की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए एक सार्थक प्रयास बताया, वहीं कमलेश शर्मा ने संस्था की इस पहल को एक सकारात्मक दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम बताते हुए इसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

संस्था के संस्थापक संजय शर्मा, जो समाज सेवा के साथ-साथ विभिन्न व्यवसायिक क्षेत्रों में व्यापक अनुभव रखते हैं, ने अपने अनुभवों को समाज के हित में साझा करने की इस पहल को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया। उनके द्वारा पूर्व में किए गए प्रशिक्षण कार्यों से अनेक युवा एवं महिलाएँ आत्मनिर्भर बनी हैं, जो इस प्रयास की सार्थकता को दर्शाता है।

कार्यक्रम में महिलाओं की भी उत्साहपूर्ण भागीदारी रही, जिनमें पिंकी, सोनम, लक्ष्मी सहित अन्य महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए संस्था के प्रति सकारात्मक विचार व्यक्त किए और इस पहल को सराहनीय बताया।



# अब ऑनलाइन मिलेंगे 'खादी' और 'ग्रामोद्योग उत्पाद', विदेशों में भी होगी पहुंच

**मध्यप्रदेश (हमारा वतन)**

मध्यप्रदेश की खादी और उसके उत्पाद अब ग्लोबल होने की ओर बढ़ रहे हैं। मध्यप्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के ब्रांड्स की अब पूरे देश के साथ ग्लोबल ब्रांडिंग और ऑनलाइन खरीदी-बिक्री शुरू करने की तैयारी हो गई है। इसके लिए एक ई-कॉमर्स प्लेटफार्म तैयार कराया जा रहा है, इसके साथ इसे केंद्र के ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स से भी जोड़ा जाएगा। इसके तहत एक ई-कॉमर्स पोर्टल और मोबाइल ऐप तैयार किया जाएगा। इससे प्रदेश की खादी पूरे देश के साथ विदेशों में रहने वालों के लिए भी उपलब्ध हो जाएगी।

**लोगों में काफी प्रिय हैं ये उत्पाद-** बोर्ड इसके लिए निजी कंपनियों की मदद लेने जा रहा है। इसे ई-कॉमर्स पोर्टल विकसित करने, उसे ओएनडीसी से जोड़ने सहित उसके संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी दी जाएगी। बोर्ड के कबीरा खादी और विंध्या वैले ब्रांड के उत्पाद प्रदेश में काफी लोकप्रिय हैं, इसलिए इनके क्षेत्र के विस्तार के लिए प्रयास शुरू किए गए हैं।

इसके तहत प्रदेश के खादी वस्त्रों के साथ हैंडीक्राफ्ट्स, कुटीर उद्योगों के सामान, हस्तनिर्मित साज-सज्जा के सामान को देश भर में पहुंचाया जाएगा। अभी बोर्ड द्वारा कई उत्पादन केन्द्र और बिक्री आउटलेट खोले गए हैं लेकिन इनकी पहुंच सीमित है।

**ग्लोबल होने की राह पर ये कदम-** बीते कई सालों में मध्यप्रदेश के कई उत्पादों को सिंगापुर, न्यूयॉर्क, मिलान, वैंकूवर, जापान, बहरीन और कुवैत जैसे देशों में प्रदर्शनियों में शामिल किया गया है। ओडीओपी के तहत राज्य के 38 उत्पादों को बढ़ावा दिया जा रहा है, और म.प्र. के ODOP उत्पादों का निर्यात सालाना लगभग 15% की दर से बढ़ रहा है।

प्रदेश के इंदौर जैसे शहरों से अब सीधे अंतरराष्ट्रीय ग्राहकों तक ई-कॉमर्स के माध्यम से खादी उत्पादों की पहुंच बन रही है। विन्ध्या वैली और कबीरा ब्रांड- म.प्र. खादी ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा गुणवत्ता के प्रतीक के रूप में इन ब्रांड्स को स्थापित किया गया है। प्रदेश में दूध उत्पादन के मामले में, सांची ब्रांड ने पहले ही राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अपनी मजबूत पहचान बना ली है।

### यह होंगे काम

➡ खादी के सभी उत्पादों का एक कैटलॉग तैयार किया जाएगा। ➡ बोर्ड के अधिकारियों के साथ विक्रय केंद्रों और अन्य संबद्ध लोगों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। ➡ संबंधित कंपनी पोर्टल शुरू होने के बाद तकनीकी सपोर्ट और समस्या आने पर उसका निराकरण भी करेगी। ➡ स्टॉक मैनेजमेंट संबंधी काम भी किया जाएगा। ➡ कस्टमर मैनेजमेंट किया जाएगा, उनके आर्डर से लेकिन एक्सचेंज, ऑर्डर रद्द करना आदि काम ऑनलाइन होंगे। ➡ बिक्री का एनालिसिस भी आसानी से हो सकेगा। कम बिक्री वाले क्षेत्र को बढ़ाने के प्रयास होंगे।

# जख्म (कविता)

जख्म थे हरे मेरे कुरेद कर चले गए,
घाव को गहरा किया और फिर चले गए।
दिल की बात दिल में थी दिल में ही रह गयी,
आँसुओं की धार मेरी आँख में ही रह गयी
उसने अलविदा कहा और फिर चले गए।
जख्म थे हरे मेरे कुरेद कर चले गए,
वो क्या जाने जख्म को जिसने कभी सहा नहीं
रक्त की तो बात क्या स्वेद भी बहा नहीं
मैं किनारे कब्र के और वो चले गए
जख्म थे हरे मेरे कुरेद कर चले गए,
आँख मेरी बह रही थी बह रहा था प्यार भी
रो रही थी बारिशें रो रहा था थार भी
जिसका इंतज़ार था आज फिर चले गए।
जख्म थे हरे मेरे कुरेद कर चले गए,
एक आरज़ू थी कभी इश्क़ में मिट जाने की
हमने कसमें खाई थी न कभी जुदा हो के जाने की
वो तो पूरी हो गई वो मगर चले गए।
जख्म थे हरे मेरे कुरेद कर चले गए।



विनोद शर्मा वेणु,
सीकर



# प्रिंसेस बीएड कॉलेज चौमूं के विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण संपन्न

**चौमूं (हमारा वतन)।** प्रिंसेस बीएड कॉलेज चौमूं द्वारा विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक भ्रमण का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस भ्रमण के अंतर्गत विद्यार्थियों को उदयपुर एवं चित्तौड़गढ़ के ऐतिहासिक सांस्कृतिक और धार्मिक स्थलों का भ्रमण करवाया गया।

इस शैक्षणिक यात्रा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक एवं प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करना था। विद्यार्थियों ने विभिन्न ऐतिहासिक धरोहरों का अवलोकन कर उनके महत्व को समझा तथा अपनी जानकारी में वृद्धि की।

भ्रमण के दौरान कॉलेज के प्राध्यापकगण भी साथ रहे और उन्होंने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। साथ ही पूरी यात्रा के दौरान सुरक्षा एवं अनुशासन का विशेष ध्यान रखा गया, जिससे कार्यक्रम सुव्यवस्थित और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रिंस एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन कैलाश चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण के दौरान सतर्क व सुरक्षित रहने की सलाह दी। यह यात्रा विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक, रोचक एवं प्रेरणादायक रही।

# एक आहट (कविता)

एक आहट मुझे सताती है
हर रोज मुझे बताती है
जिंदगी एक बहता हुआ सागर है
जिसमें न जाने कितने राही गुजर गए
ऐ आसमान अब तो इंतजार है
तेरे ही कल का!
ना जाने मेरी खुशियां
तेरे आंचल में होगी या नहीं
मेरे वह सपने जो देखे थे अपनों ने
पूरे होंगे की रहेंगे अधूरे
एक आहट मुझे सताती है
हर रोज मुझे बताती है
रोज मैं पत्तों से आहट सुनता हूं
तो खुद से डर लगता है
अपनी बेबसी का
की न जाने कब पतवार थम जाए
रह जाए हाथों में कोई सवाल
एक आहट मुझे सताती है
रोज मुझे बताती है
फिर बहते पानी से आहट आएगी
मेरे सपने तो सपने हैं
एक आहट मुझे सताती है



आरके गुर्जर
चौमूं, जयपुर

सभी खादी संस्थाओं से निवेदन है कि अपनी गतिविधियों की जानकारी प्रकाशित करवाने के लिए हमें जरूर भेजें !
Email-hamarawatan65@gmail.com, whatsapp-9214996258.

Khadi For Nation
खादी भारत
Khadi India
Khadi For Fashion

# जॉब्स

1. यूपीएसएससी, पद असिस्टेंट स्टैटिकल ऑफिसर, पद संख्या 929, अंतिम तिथि 11 मई 2026
2. इंडियन रेलवे, पद असिस्टेंट लोको पायलट, पद संख्या 11127, अंतिम तिथि 16 जून 2026
3. आरएसएसबी, पद संविदात्मक शिक्षण सहयोगी, पद संख्या 3540, अंतिम तिथि 3 जून 2026
4. रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया, पद ग्रेट ऑफिसर - B, पद संख्या 60, अंतिम तिथि 20 मई 2026
5. स्टाफ सिलेक्शन कमिशन, पद जूनियर हिंदी ट्रांसलेटर व अन्य, पद संख्या 84, अंतिम तिथि 14 मई 2026
6. उत्तर प्रदेश कर्मचारी चयन बोर्ड, पद असिस्टेंट स्टैटिकल ऑफिसर, पद संख्या 929, अंतिम तिथि 11 मई 2026
7. सीआरपीएफ, पद ट्रेड्समैन, पद संख्या 9175, अंतिम तिथि 19 मई 2026
8. उत्तर प्रदेश कर्मचारी चयन बोर्ड, पद टेक्निकल असिस्टेंट ग्रुप सी, पद संख्या 2759, अंतिम तिथि 11 जून 2026




## स्वेता राय बोलीं- मेरी कहानी ही इस फिल्म की ताकतः छोटे शहर से हॉलीवुड तक सफर, भोपाल में शूट, नए टैलेंट को मिलेगा बड़ा मौका

हॉलीवुड और बॉलीवुड के बीच की दूरी को कम करने के उद्देश्य से बन रही फिल्म 'फ्रॉम बॉलीवुड टू हॉलीवुड' इन दिनों चर्चा में है। इस प्रोजेक्ट से जुड़ी अभिनेत्री-प्रोड्यूसर स्वेता राय ने बातचीत में फिल्म के कॉन्सेप्ट, कास्टिंग, लोकेशंस और अपने व्यक्तिगत संघर्षों पर खुलकर बात की।



फिल्म एक साधारण लड़की के संघर्ष और उसके हॉलीवुड तक पहुंचने की प्रेरणादायक कहानी है, जिसमें भारतीय संस्कृति की झलक भी दिखाई देगी। खास बात यह है कि इस फिल्म के जरिए मध्य प्रदेश, खासकर भोपाल की खूबसूरती को वैश्विक मंच पर पेश करने की तैयारी की जा रही है, साथ ही नए टैलेंट को भी बड़ा अवसर मिलेगा।

**आपके वर्तमान प्रोजेक्ट 'फ्रॉम बॉलीवुड टू हॉलीवुड' का क्या कॉन्सेप्ट है? यह किस स्तर पर बनाया जा रहा है?** यह एक हॉलीवुड फीचर फिल्म है, जिसकी लगभग 25 प्रतिशत शूटिंग मध्य प्रदेश में की जाएगी। कहानी एक लोअर मिडिल क्लास लड़की के संघर्ष और उसके हॉलीवुड तक के सफर पर आधारित है।यह कहीं न कहीं मेरी निजी जिंदगी और छोटे शहर से निकलकर पिछले 10 वर्षों में हॉलीवुड में फिल्में प्रोड्यूस करने के अनुभवों से प्रेरित है।इस प्रोजेक्ट में गोल्डन ग्लोब नॉमिनेटेड हॉलीवुड एक्टर्स और बॉलीवुड के जाने-माने कलाकार साथ नजर आएंगे। हमारा उद्देश्य भारतीय संस्कृति, खासकर भोपाल की लोकेशंस और कला को ग्लोबल स्तर पर प्रमोट करना है। हमारी टीम में हॉलीवुड के अनुभवी लोग शामिल हैं, जैसे सिनेमैटोग्राफर डेरेक बाउर, जिन्होंने 80 से अधिक हॉलीवुड फिल्मों में काम किया है।

## परिणीति चोपड़ा ने दिया सेल्फ लव का संदेश, बोलीं- फोन रखें दूर, अपनों के साथ बिताएं समय

अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा इन दिनों मदरहुड के सुखद पलों का आनंद ले रही हैं। बुधवार को अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम के जरिए सेल्फ लव और मानसिक शांति से जुड़े मुद्दों पर विचार शेयर किए। परिणीति चोपड़ा ने इंस्टाग्राम स्टोरीज सेक्शन पर एक नोट लिखा, जिसमें उन्होंने जीवन को सादगी और सकारात्मकता के साथ जीने की सलाह दी। अभिनेत्री ने अपने पोस्ट में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर जोर दिया। उन्होंने लिखा, हमें छोटी-छोटी बातों पर तनाव लेना बंद कर देना चाहिए। शरीर हमारी सबसे बड़ी पूंजी है, इसलिए इसकी आलोचना करने के बजाय हमें इसके प्रति दयालु होना चाहिए।परिणीति चोपड़ा ने अपने प्रशंसकों से आग्रह किया कि वे अपने शरीर को बेहतर पोषण दें और इसे सक्रिय रखें, क्योंकि भविष्य में हमें इन पलों की कमी महसूस होगी।परिणीति ने सभी को भागदौड़ भरी जिंदगी से ब्रेक लेने की सलाह देते हुए कहा, बाहर निकलें, खुले आसमान को देखें और सूरज की रोशनी को महसूस करें। असली खुशी भौतिक चीजों के पीछे भागने में नहीं, बल्कि सुकून के साथ वर्तमान को जीने में है। हमें अपनों के साथ बिताए गए समय को कभी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।आज के दौर में स्मार्टफोन की लत पर कटाक्ष करते हुए अभिनेत्री ने लिखा, अपना फोन नीचे रखें और सचमुच वहां मौजूद रहें जहां आप हैं और अपने प्रियजनों से खुलकर अपने प्यार का इजहार करें। किसी की मदद करना या किसी को प्यार भरा नोट लिखना वह खुशी देता है जिसे पैसों से नहीं खरीदा जा सकता। पोस्ट के अंत में परिणीति ने एक बहुत ही व्यावहारिक सलाह दी। उन्होंने कहा कि जो चीजें या काम आपको मानसिक रूप से थका देते हैं, उन्हें ना कहना सीखें। उन्होंने स्पष्ट किया कि जीवन में हर उलझन को तुरंत सुलझाना जरूरी नहीं है। जरूरी यह है कि आप अपनी खुशी के लिए बदलाव करने का साहस रखें। परिणीति चोपड़ा पिछली बार 2024 में रिलीज हुई अमर सिंह चमकीला में नजर आई थीं।



## आज की युवा पीढ़ी इन्फॉर्मेशन ओवरलोड की शिकार- काजोल

आज की तेजी से बदलती दुनिया और तकनीक के विस्तार ने युवाओं की जीवनशैली को पूरी तरह से बदल दिया है। अक्सर सोशल मीडिया पर अपने अनोखे रिलेशनशिप ट्रेंड्स और नए स्लैंग के कारण चर्चा में रहने वाली जेनजी को लेकर बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल ने अपने विचार शेयर किए। गुरुवार को अभिनेत्री ने एक पॉडकास्ट का क्लिप इंस्टाग्राम पर शेयर किया। इसमें काजोल ने अपनी और जेनजी के बीच की बुनियादी अंतर को स्पष्ट करते हुए बताया कि कैसे जानकारी की अधिकता आज की युवा पीढ़ी के लिए चुनौती बन गई है। उनका मानना है कि आज की युवा पीढ़ी को इंटरनेट से मिलने वाले शोर से बाहर निकलकर खुद के लिए फैसला लेने की क्षमता विकसित करनी होगी। केवल सोशल मीडिया के ट्रेंड्स को फॉलो करना काफी नहीं है, बल्कि अपने मूल्यों और सीमाओं को खुद परिभाषित करना ही असल परिपक्वता है।काजोल कहती हैं, मुझे लगता है कि जेनजी इस समय जानकारी के ओवरलोड से गुजर रही है। हम ऐसे समय में बड़े हुए जब जानकारी बहुत सीमित हुआ करती थी। इसलिए हमें अपनी नैतिकता, सीमाएं और सही-गलत का फैसला खुद अपनी सोच से करना पड़ता था। अभिनेत्री ने बताया कि आज के युवाओं के पास हर चीज के बारे में जवाब उपलब्ध हैं। हर कोई जानता है कि क्या सही है और क्या गलता, लेकिन वे इसमें इस कदर खोए हुए हैं कि वे यह तय नहीं कर पा रहे कि उनके लिए व्यक्तिगत रूप से क्या सही है।उन्होंने कहा, आप चाहे जितनी भी चिंता कर लें या जानकारी जुटा लें, लेकिन आखिर में आपको अपना मन खुद ही बनाना होगा। अभिनेत्री ने अपने दोनों बच्चों बेटी निसा देवगन और बेटा युग देवगन को लेकर कहा कि दोनों के नजरिए अलग हैं।



# समाजसेवी डॉक्टर सुरेश चंद शर्मा को ओनररी डॉक्टरेट अवार्ड से नवाजा गया

**नई दिल्ली (हमारा वतन)।** दिल्ली स्थित सत्य साईं ऑडिटोरियम में आयोजित भव्य दीक्षांत समारोह में सर्व समाज जागृति संघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉक्टर सुरेश चंद शर्मा को ओनररी डॉक्टरेट अवार्ड से यूनाइटेड अमेरिकन यूनिवर्सिटी यूएसए द्वारा उनकी उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों एवं विभिन्न संगठनों में सक्रिय योगदान को देखते हुए प्रदान किया गया।




कार्यक्रम में देश-विदेश के कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ.राजा मानवेंद्र सिंह उपस्थित रहे। इसके साथ ही पीस इंस्टीट्यूट यूनाइटेड नेशन एंबेसडर डॉ. परविंदर सिंह, वाइस चांसलर ईस्टर्न यूनिवर्सिटी श्रीलंका, प्रोफेसर वल्लीपुरम वाइस चांसलर यूनाइटेड अमेरिकन यूनिवर्सिटी, पी अमृतवली डीन क्राउन यूनिवर्सिटी इंटरनेशनल चार्टर्ड, डॉ. शमा हुसैन फाउंडर और डायरेक्टर यूनाइटेड अमेरिकन यूनिवर्सिटी, जज डॉ. के वेंकटेशन सहित कई विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे।

समारोह में डॉक्टर सुरेश चंद शर्मा के सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें समाज के लिए प्रेरणा स्रोत बताया।

मंच पर बैठे सम्मानीय अतिथियों ने डॉक्टर शर्मा के गले में मेडल पहनाकर यूनाइटेड अमेरिकन यूनिवर्सिटी हॉनरेरी डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया। इससे पूर्व भी डॉक्टर शर्मा को विभिन्न विश्वविद्यालय द्वारा चार बार हॉनरेरी डॉक्टरेट मानद उपाधि देकर अलंकृत किया जा चुका है।

इस अवसर पर भारतीय संयुक्त ब्राह्मण समन्वय समिति के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी नागपाल शर्मा, राष्ट्रीय बृजवासी गौरक्षक भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत धर्मदास महाराज, शिक्षाविद हजारीलाल शर्मा, प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित महेश शर्मा, समाजसेवी कैलाश तिवारी, जिला अध्यक्ष रामस्वरूप आचार्य, संगठन मंत्री ओम प्रकाश रीडर, अंतरराष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर चंद्रशेखर, पत्रकार राम गोपाल सैनी, ओम प्रकाश बागड़ा, डॉक्टर कालोनी विकास समिति के अध्यक्ष रमाकांत शर्मा, कृपा शंकर शर्मा, बाबूलाल जांगिड, बसंत लालाणी, सुन्दर सैनी, मुकेश सैनी, कमलेश, गोपाल रायथल, राम मनोहर शर्मा, सुरेश गुलाटी सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने शुभकामनाएं देते हुए प्रशंसा व्यक्त करते हुए कहा कि आप निरंतर समाज सेवा करते रहें।

## उदयवीर सिंह यादव को मिला डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम इंस्पिरेशनल ऑफ ह्यूमैनिटी अवॉर्ड

**जयपुर (हमारा वतन)।** सेना के पूर्व नायक उदयवीर सिंह यादव को डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम इंस्पिरेशनल ऑफ ह्यूमैनिटी अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें समाज में उत्कृष्ट योगदान और डॉ. कलाम के विचारों शिक्षा, मानवता, समानता और राष्ट्र निर्माण को आत्मसात कर आगे बढ़ाने के लिए दिया गया है। सेना की सेवा, बैंकिंग में नेतृत्व और अब सामाजिक समरसता व मानव मूल्यों के लिए लगातार काम - उदयवीर सिंह यादव का जीवन वाकई डॉ. कलाम के सपने वो नहीं जो सोते वक्त देखे जाएं, सपने वो हैं जो सोने न दें का जीता-जागता उदाहरण है।





## जीवन सुरक्षा एवं पर्यावरण रक्षा संस्थान ने लगाए परिंडे

**जयपुर (हमारा वतन)।** जीवन सुरक्षा एवं पर्यावरण रक्षा संस्था के तत्वावधान में राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्टेशन रोड चौमूं एवं आसपास के क्षेत्र में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नीतू चौधरी के सानिध्य में 11 परिंड़े लगाकर उसमें नियमित पानी डालने का संकल्प किया गया।

इस अवसर पर डॉ. नीतू चौधरी ने कहा कि गर्मी के मौसम में बेजुबान पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था करना परमार्थ का कार्य है।

संस्था अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा ने कहा के भीषण गर्मी के मौसम में हम सबको अपने घर की छत पर एवं आसपास बेजुबान पक्षियों के लिए पानी का पात्र रखना चाहिए जिससे बेजुबान पक्षियों को राहत मिल सके। इस अवसर पर संयोजक गजानंद शर्मा, मुकेश यादव सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# पिछली सरकार में युवाओं के साथ हुआ अन्यायः मुख्यमंत्री शर्मा

जयपुर (नि.सं.)। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार में पेपरलीक जैसी घटनाओं से युवाओं के साथ अन्याय हुआ। हमारी सरकार ने प्रदेश के युवाओं को पेपरलीक के दंश से मुक्ति दिलाई है। हमनें अब तक 351 परीक्षाएं पूरी पारदर्शिता के साथ आयोजित करवाई है तथा एक भी पेपर लीक नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को रोजगार के साथ-साथ कौशल से जोड़कर कुशल बना रही है और युवा अब नौकरी खोजने वाला नहीं, बल्कि नौकरी देने वाला बन रहा है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को बिड़ला ऑडिटोरियम में विदेशी भाषा संचार कौशल कार्यक्रम के लिए एमओयू कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने स्वामी विवेकानंदजी का उल्लेख करते हुए युवाओं से विदेशी भाषा सीखने और देश-दुनिया में छा



जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कौशल विकास के विजन को आगे बढ़ाते हुए राज्य सरकार ने इंग्लिश एंव फॉरेन लैंग्वेजेज यूनिवर्सिटी, हैदराबाद और नेशनल स्किल डवलपमेंट कॉर्पोरशन के साथ एमओयू किए हैं। इसके माध्यम से हमारे युवाओं को फ्रेंच, जर्मन, स्पेनिश, जापानी और कोरियन सीखने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि आज के युग में विदेशी भाषा सीखना आवश्यकता बन चुका है। विदेशी भाषा का ज्ञान युवाओं को बहुराष्ट्रीय कंपनियों, अंतरराष्ट्रीय संगठनों और विदेशों में रोजगार के अनेक अवसर प्रदान करता है। इसी तरह यह विदेशी पर्यटकों, उद्यमियों और प्रदेश के स्थानीय उद्योगों के बीच एक सेतु का कार्य भी करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रमुख पयर्टन स्थलों की वजह से राजस्थान के लिए विदेशी भाषा का विशेष महत्व है। दुनिया भर से यहां सैलानी आते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की नीतियों से प्रदेश के कई अंचलों में पर्यटन उद्योग तेजी से विकसित हो रहा है। विदेशी भाषाएं जानने वाले गाइड, होटल मैनेजर, ट्रैवल एजेंट और व्यापारियों के लिए रोजगार के अवसर बढ़े हैं।

टिकिट

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

**हमारा वतन**
**खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।**
Email- hamarawatan65@gmail.com 9214996258 7014468512

**अति आवश्यक सूचना**

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

# सम्पादकीय.....

## श्रमिकों में असंतोष होना चिंताजनक

कहने को तो मजदूरों के सम्मान और उनके योगदान को याद करने का दिन है, किंतु राष्ट्र का विकास करने वाले मजदूरों की स्थिति आज भी बहुत अच्छी नहीं है। यह बहुत चिंता की बात है कि उनको अपनी मांगों, विशेषकर वेतन-वृद्धि के लिए आंदोलन करना पड़ता है और सब्र का बांध टूटने पर हिंसा का सहारा लेना पड़ता है। वे मजबूरीवश तोड़फोड़, चक्का-जाम, आगजनी या पुलिस से टकराव जैसी हिंसात्मक गतिविधियों में शामिल हो जाते हैं। यह याद रखना चाहिए कि सब्र का बांध कोई एक-दो दिन में नहीं टूटता। यह लंबे समय तक बर्दाश्त करने के बाद ही टूटता है, जिसके लिए ठेकेदारों का शोषण, सुविधाओं की कमी, काम के घंटे अधिक होना, कम मजदूरी और बेलगाम बढ़ती महंगाई की मार प्रमुख रूप से जिम्मेदार हैं। 13 अप्रैल की ही बात है, नोएडा की घटना हमें यह सोचने पर विवश करती है कि श्रमिकों का वेतन आखिर इतना कम क्यों है कि वे सम्मानजनक जीवन भी न जी सकें या अपने दायित्वों का निर्वहन न कर सकें? आज का यही सच है कि श्रमिकों को तय मानकों के अनुसार ठेकेदार भुगतान नहीं करते और ओवरटाइम का पैसा देने से कतराते हैं। श्रमिकों के लिए जरूरी सुविधाओं की कोई बात ही नहीं करता। देश के सभी राज्यों में श्रमिकों के लिए असमान मजदूरी दर असंतोष को जन्म देती है। ऐसे में, स्वाभाविक है कि वे अन्य राज्यों से अपनी मजदूरी की तुलना करते हैं और जब उन्हें पता चलता है कि उनकी मजदूरी से पेट पालना भी मुश्किल है, तो वे पहले विरोध करते हैं और फिर प्रदर्शन करने को मजबूर होते हैं। न्यूनतम मजदूरी में वृद्धि का असर स्पष्ट रूप से उद्यमियों पर पड़ता है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा न्यूनतम मजदूरी में की गई 21 प्रतिशत वृद्धि की घोषणा के बाद उद्यमियों का तर्क है कि टैरिफ, ईरान युद्ध और अब न्यूनतम मजदूरी में वृद्धि की मार से कई सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो जाएगा और संभव है कि कइयों को बंद करना पड़ सकता है। इसका विपरीत प्रभाव उपभोक्ताओं पर होगा। उत्पादन लागत बढ़ने से उत्पादों के दाम बढ़ जाएंगे। ऐसे में, सरकारों को चाहिए कि वह न्यूनतम मजदूरी में वृद्धि के लिए श्रमिकों द्वारा किए जाने वाले आंदोलनों का रास्ता न देखे, बल्कि महंगाई बढ़ने के साथ समय-समय पर मजदूरी दर का मूल्यांकन कर उसमें वृद्धि करे। सरकार का लक्ष्य सिर्फ वेतन-वृद्धि तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि श्रमिकों के जीवनस्तर में सुधार लाना भी होना चाहिए। मजदूर दिवस की सार्थकता भी तभी है। यह सभी चाहते हैं कि मजदूरों की दशा सुधरनी चाहिए। इस दिशा में काम हो भी रहा है। मजदूरों के जीवन से दो पहलू जुड़े हुए हैं। पहला- रोजगार की उपलब्धता और दूसरा- उचित मजदूरी। पहले, रोजगार की बात। भारत में रोजगार में लगातार वृद्धि हो रही है। 2017-18 में 47.5 करोड़ लोगों के पास रोजगार था, जो 2023-24 में बढ़कर 64.3 करोड़ हो चुका है। यानी, छह वर्षों में 16.83 करोड़ नए रोजगार का सृजन हुआ। इसका असर बेरोजगारी दर पर भी पड़ा है। जो बेरोजगारी दर साल 2017-18 में छह फीसदी थी, वह 2023-24 में घटकर 3.2 प्रतिशत रह गई। इसी तरह, पिछले सात वर्षों में 1.56 करोड़ महिलाएं औपचारिक कार्यबल में शामिल हुई हैं। एक ऐतिहासिक फैसला चार श्रम संहिताओं को लागू करने का भी है। ये चारों संहिताएं हैं- वेतन संहिता-2019, औद्योगिक संबंध संहिता-2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता-2020 और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य शर्त संहिता-2020। इनको पिछले साल 21 नवंबर को लागू किया गया। 29 मौजूदा श्रम कानूनों को हटाकर इनको बनाया गया है। श्रम नियमावली को आधुनिक बनाकर, मजदूरों की भलाई को बढ़ाकर और श्रम पारिस्थितिकी तंत्र को काम की बदलती दुनिया के साथ जोड़कर, यह ऐतिहासिक कदम उठाया गया।



राम गोपाल सैनी

# बिझौली में धूमधाम से मनाई गई बुद्ध पूर्णिमा

**बिझौली (हमारा वतन)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बिझौली में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अशोक पाल सिंह (पर्यावरण मित्र एवं प्रकृति प्रेमी) ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बुद्ध पूर्णिमा भगवान गौतम बुद्ध के जन्म और ज्ञान प्राप्ति के उपलक्ष्य में मनाई जाती है।

गौतम बुद्ध का जन्म 563 ईसा पूर्व, लुंबिनी (नेपाल) में कपिलवस्तु के राजा शुद्धोधन के वंश में हुआ था। उन्होंने 29 वर्ष की आयु में राज-पाट त्याग दिया था। पीपल के वृक्ष के नीचे कठिन तपस्या के बाद उन्हें ज्ञान प्राप्त हुआ। इसी दिवस को बुद्ध पूर्णिमा कहा जाता है, जिसे वैशाखी पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है।

भगवान बुद्ध ने दार्शनिक आंदोलन के माध्यम से जनसाधारण की भाषा पाली में जन-जन को संदेश दिया। उन्होंने भारत के अतिरिक्त विश्व के कई देशों में शांति का परचम फैलाया।



## बुद्ध का अंतिम महत्वपूर्ण संदेश

अप्प दीपो भव अर्थात अपना दीपक स्वयं बनें। इसका अर्थ है आत्मनिर्भरता, आत्मज्ञान और मानसिक स्वतंत्रता। जब व्यक्ति स्वयं प्रकाशित होता है, तभी वह संसार के अन्य लोगों को भी प्रकाशित कर सकता है। इस अवसर पर पिंकी, प्रतिभा, कमलकांत, अंकुश, कृष्ण, सुधीर, सानिया, आफरीन कहकशां, कशिश, शिवा, मनीष, अल्तमश, हिमान्शी, आरती, खुशी, सोनम, आर्तिका, कायनात, गोपी, कृष्णा और रितिक आदि ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

# राजस्थानी फीचर फिल्म 'हमारी बेटियां' 8 मई को होगी रिलीज़

**जयपुर (हमारा वतन)।** राजस्थानी सिनेमा प्रेमियों के लिए बड़ी ख़ुशी की खबर है। दर्शकों का इंतज़ार ख़त्म हो चूका है। जी हाँ ! बहुप्रतीक्षित महिला सशक्तिकरण पर बनी राजस्थानी फीचर फिल्म हमारी बेटियां 8 मई 2026 को रिलीज़ होने जा रही है।

फिल्म के निर्देशक उग्रसेन तंवर ने बताया कि फिल्म के रिलीज से पहले ही राजस्थान फिल्म इंडस्ट्री में बड़ी हलचल मची हुई है। 8 मई 2026 को जयपुर के जैम सिनेमा में रिलीज़ की जाएगी। दर्शक 8 मई से 14 मई तक प्रतिदिन दोपहर 12 बजे वाला शो देख सकते हैं। शो के दौरान दर्शकों को फिल्म की स्टार कास्ट से मिलने का मौका भी मिलेगा




इस फिल्म में रेखा परिहार, ऋषभ साहू, अशोक खडोलिया, संतोष कंवर, सनाया सैनी, विनयदेव गौतम, सुभाष सेठ, रमेश मकवाना, विनोद शर्मा बरना, हितेश सोलंकी, अभिनव शर्मा, दीपक सिंह, माधुरी खंडेलवाल, कलावती पटेल, गौरान्वी शर्मा, सत्यनारायण पाटोदिया, महेश योगी, गोविंदा गुर्जर, चित्रांश गौतम, मुकेश तंवर, गर्वित चौहान, श्याम सुंदर साहू, सीता साहू, मीनाक्षी सेन, शंकर लाल कटारिया, गुरु सुमेर सिंह, भगत सिंह, हरिनारायण साहू, फूलसिंह पिपलाली के साथ फिल्म के निर्देशक उग्रसेन तंवर ने इस फिल्म में दमदार अभिनय किया है।

फिल्म के निर्माता गणेश साहू, सह निर्मात्री रेखा परिहार, संगीत दिलबर हुसैन और गायिका रेखा परिहार और दिलबर हुसैन हैं। कोरियोग्राफी राजेंद्र राव चीफ असिस्टेंट डायरेक्टर ज्योत्सना कौशिक, टेक्निकल निर्देशक अनिल के सैनी, मेकअप ममता अग्रवाल, चीफ कैमरा सुरेश खांडल है। फिल्म में 5 कर्णप्रिय गाने हैं।

Mohan Lal Jitarwal
Jaisingh Jitarwal
मोनिका प्रिन्टर्स
WE DESIGN , PRINT & PROMOTE...YOU ! थाना मोड़, चौमूँ
फ्लैक्स/विनायल | ऑफसेट प्रिन्टिंग | पोस्टर / पम्पलेट | बिल–बुक | लेटर हेड
शादी कार्ड | सवामणी कार्ड | स्क्रीन प्रिन्टिंग | विजिटिंग कार्ड | आई – कार्ड
हमारे यहाँ प्रिन्टिंग से सम्बन्धित सभी कार्य उचित रेट पर किये जाते है
तथा चुनाव से सम्बन्धित सामग्री उचित रेट पर तैयार की जाती है ।
एक बार सेवा का मोका अवश्य दें
Contact Us: 9785850646, 8946910073, 7610022192
monikaprinters68@gmail.com

# डॉ. मीरा पाटोदिया की पुण्यतिथि पर हुआ गायत्री यज्ञ

**जयपुर (हमारा वतन)**

जयपुर शहर के शिव मार्ग बनीपार्क स्थित मीरा हॉस्पिटल में आज नैतिक शिक्षाविद, आध्यात्मिक चिंतक, प्रेरक एवं मार्गदर्शक, राष्ट्रपति से सम्मानित आचार्य सत्यनारायण पाटोदिया के सानिध्य में डॉ. मीरा पाटोदिया की तृतीय पुण्यतिथि मनाई गयी।



आचार्य सत्यनारायण पाटोदिया ने बताया कि आज से ठीक 3 वर्ष पहले मंगलवार, 2 मई, 2023 की प्रातः 7:15 बजे डॉ. मीरा पाटोदिया जी को स्वयं भगवान श्री कृष्ण जी इस धरती पर आकर अपने साथ उनको गोलोक धाम लेकर चले गए। मात्र 5 मिनट में ही डॉ. मीरा जी ने अपनी नश्वर देह को मेरी बांहों में ही त्याग दिया। आज उनकी स्मृति में प्रातः काल गायत्री यज्ञ किया और एक गीत अपनी आवाज में दिल की गहराइयों से गाकर उसका वीडियो बनाकर मेरे यूट्यूब चैनल पर अपलोड कर श्रद्धांजलि दी है।

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
उप सम्पादकः सुरेन्द्र कुमार सैनी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमूं शहर होगा।